'ई-चालान के नाम पर खाली हो सकता है आपका बैंक खाता'

जयपुर। राज्य में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन को सतर्क रहने की सलाह दी है। पुलिस के अनुसार साइबर ठग इन दिनों ई-चालान, पेंडिंग चालान, वाहन सूचना अपडेट तथा आरसी/डीएल वेरिफिकेशन के नाम पर फर्जी एसएमएस, लिंक और ई-मेल भेजकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं।

साइबर शाखा के उपमहानिरीक्षक विकास शर्मा ने बताया कि ठग वाहन चालकों को नकली ई-चालान का संदेश भेजते हैं। संदेश में वाहन नंबर और चालान जारी होने की जानकारी देकर एक लिंक दिया जाता है। इस लिंक पर क्लिक करने पर मोबाइल फर्जी वेबसाइट पर पहुंच जाता है और कई बार मोबाइल में एपीके फाइल डाउनलोड हो जाती है। इससे कॉल फॉरवर्डिंग, मालवेयर या फिशिंग के जरिए मोबाइल और बैंक से जुड़ी संवेदनशील जानकारी चोरी की जा सकती है।उन्होंने बताया कि कई मामलों में लोगों को पेंडिंग चालान या वाहन जानकारी अपडेट जैसे संदेश भेजकर तुरंत भुगतान करने के लिए कहा जाता है। इन संदेशों में दिया गया लिंक अक्सर फर्जी वेबसाइट पर ले जाता है, जिससे मोबाइल हैक होने और बैंक डिटेल चोरी होने का खतरा रहता है।

गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर कार्रवाई, 83 सिलेंडर व पिकअप जब्त

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार जयपुर शहर में घरेलू एवं व्यावसायिक एलपीजी गैस सिलेण्डरों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा अवैध रिफिलिंग, भण्डारण और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की जा रही है।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम प्रियव्रत सिंह चारण द्वारा जयपुर शहर में विशेष अभियान चलाते हुए 3 विशेष प्रवर्तन दलों का गठन किया गया।

पूरी कार्यवाही के दौरान कुल 83 गैस सिलेण्डर (घरेलू एवं व्यावसायिक) तथा एक पिकअप वाहन जब्त किया गया। साथ ही प्रथम दृष्टया उर्मिल गैस एजेंसी, लालकोठी की संलिप्तता सामने आने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवाने की कार्रवाई की जा रही है।

विशेष प्रवर्तन दल ए में कविता शर्मा (प्रवर्तन अधिकारी) व सुनीता चौधरी (प्रवर्तन निरीक्षक), दल बी में पूजा शर्मा व विजयलक्ष्मी शर्मा (प्रवर्तन अधिकारी) तथा दल सी में निर्मला चौधरी (प्रवर्तन अधिकारी) व प्रिया गंगवानी (प्रवर्तन निरीक्षक) को शामिल किया गया। जिला रसद अधिकारी चारण के नेतृत्व में विशेष प्रवर्तन दल द्वारा एयरपोर्ट रोड, सांगानेर क्षेत्र में चील गाड़ी रेस्टोरेंट के पास दबिश दी गई। कार्यवाही के दौरान घरेलू गैस सिलेण्डरों से व्यावसायिक सिलेण्डरों में अवैध रिफिलिंग कर कालाबाजारी किये जाने की पुष्टि हुई। मौके से 14 व्यावसायिक एवं 69 घरेलू गैस सिलेण्डर तथा एक पिकअप वाहन जब्त किया गया।

जांच के दौरान लगभग 15 घरेलू सिलेण्डरों में लगभग 2 किलोग्राम गैस कम पाई गई। मौके पर विधिक माप विज्ञान अधिकारी (एलएमओ) को बुलाकर जांच भी करवाई गई। इस अवैध गतिविधि में संलिप्त दो व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की गई।

इसके अतिरिक्त दो विशेष प्रवर्तन दलों द्वारा दो गैस एजेंसियों का निरीक्षण भी किया गया तथा एजेंसियों को घरेलू गैस सिलेण्डरों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने, उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान करने तथा एजेंसी परिसर में अनावश्यक कतारें नहीं लगने देने के निर्देश दिए गए।उल्लेखनीय है कि जयपुर शहर में अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा ऑपरेशन प्रवर्तन - सतर्क नागरिक, सुरक्षित शहर अभियान पूर्व से ही संचालित किया जा रहा है।

कार्यवाही के दौरान कुल 83 गैस सिलेण्डर तथा एक पिकअप वाहन जब्त किया ।

- जिला कलक्टर डॉ जितेंद्र कुमार के निर्देश पर अवैध रिफिलिंग एवं कालाबाजारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई
- जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम की शहर में 3 स्थानों पर कार्रवाई

जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध गैस रिफिलिंग, भण्डारण या कालाबाजारी की गतिविधि दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत विभाग को दें, ताकि आमजन की सुरक्षा और उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

'राजस्थान दिवस पर प्रदेश भर में 14 से 19 मार्च तक होंगे विविध सांस्कृतिक आयोजन'

जयपुर। अतिरिक्त मुख्य सचिव पर्यटन, कला-साहित्य एवं संस्कृति तथा पुरातत्व प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में राज्य सरकार के कला-साहित्य एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग द्वारा 14 से 19 मार्च 2026 तक पूरे सप्ताह राज्यभर में विविध सांस्कृतिक, साहित्यिक और लोककला से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

- अतिरिक्त सचिव ने बताया कि राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इन कार्यक्रमों के कला परंपराओं को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित किया जायेगा

अतिरिक्त सचिव ने बताया कि राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं, साहित्यिक गतिविधियों और कला परंपराओं को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित किया जाना तय किया गया है। जिससे राजस्थान की कला एवं संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा इसके साथ ही कलाकारों, साहित्यकारों और विद्वानों को मंच भी उपलब्ध हो सकेगा।

कला-साहित्य एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग की उप सचिव अनुराधा गोगिया ने बताया कि कला-साहित्य एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग के अधीन पुरातत्व विभाग, साहित्य एवं कला अकादमियों और विभिन्न मंचों के माध्यम से संगीत, नाटक, लोककला, साहित्य, चित्रकला प्रदर्शनी, कार्यशालाएं, संगोष्ठियां तथा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के का आयोजन किया जाएगा जिसके माध्यम से प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा।

दो दिवसीय श्याम वार्षिकोत्सव का शुभारंभ

जयपुर। खाटू श्याम सेवादार समिति जयपुर के तत्वावधान में अजमेर रोड 200 फीट बाइपास निर्माणनगर स्थित जिंदल गार्डन दो दिवसीय श्याम वार्षिकोत्सव भजन रस गंगा का शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। राम शिव हनुमान मंदिर, शिवाजी पार्क श्याम नगर पुलिस स्टेशन के पीछे निर्माण नगर से उत्सव स्थल तक कलश यात्रा में 301 महिलाएं एक समान परिधान में सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए शामिल हुईं। कलश यात्रा में हाथी, घोड़ा, ऊंट और बग्गी सहित पारंपरिक लवाजमे के साथ बाबा श्याम को रथ पर विराजमान कर शोभायात्रा निकाली गई,आयोजन से जुड़े विमल सोनी ने बताया कि शनिवार को शाम 4:15 बजे से बाबा श्याम का रंग-बिरंगे फूलों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक , रेशमी शर्मा (समस्तीपुर) सहित जयपुर के गोपाल सेन, रवि शर्मा, कपिल शर्मा, सागर शर्मा, राहुल पाडिया, आदित्य छीपा, कुमार दया, कुशाल-विशाल और सोमेश जैन भजनों की प्रस्तुति देंगे।

तायक्वांडो के नकली प्रमाण पत्रों से नौकरी का खेल उजागर

जयपुर। भर्ती परीक्षाओं में फर्जीवाड़े के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप (एसओजी) ने वर्ष 2022 की तृतीय श्रेणी अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा में उत्कृष्ट खिलाड़ी कोटे से नौकरी हासिल करने के प्रयास का बड़ा खुलासा किया है। फर्जी तायक्वांडो खेल प्रमाण पत्र और फर्जी सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर नौकरी पाने की कोशिश के मामले में एसओजी ने 19 अभ्यर्थियों सहित कुल 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि 12 मार्च 2026 को राजस्थान के 14 जिलों और हरियाणा में एक स्थान पर एक साथ कार्रवाई कर आरोपियों को पकड़ा गया। मामले में फर्जी ईमेल आईडी बनाकर खेल प्रमाण पत्रों का सत्यापन भेजने की साजिश सामने आई है। जांच में पता चला कि ईमेल दुबई से बनाई गई थी और इसका उपयोग विमलेंदु कुमार झा कर रहा था। एसओजी ने उसे गिरफ्तार कर उसके सहयोगी रवि शर्मा को भी पकड़ा और फर्जी ईमेल आईडी से

- 14 जिलों में एसओजी की ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 20 आरोपितों को दबोचा

जुड़ी सिम बरामद की। जांच में सामने आया कि प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय द्वारा प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए भेजे गए ईमेल की जानकारी आरोपियों को मिल गई थी। इसके बाद उन्होंने तायक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के समान दिखने वाली फर्जी ईमेल आईडी बनाकर फर्जी प्रमाण पत्र रखने वाले अभ्यर्थियों के पक्ष में सकारात्मक रिपोर्ट भेज दी, ताकि उन्हें खिलाड़ी कोटे से नौकरी मिल सके।

मामले की जांच डीआईजी एसओजी परिस अनिल देशमुख के निर्देशन में चल रही है और जांच की जिम्मेदारी पुलिस उप अधीक्षक बाबूलाल मुरारिया को दी गई है। एसओजी ने फलौदी, जोधपुर, जालोर, बीकानेर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, भीलवाड़ा, जयपुर ग्रामीण, सीकर, झुंझुनूं, नागौर और बालोतरा सहित विभिन्न जिलों में कार्रवाई कर आरोपियों को हिरासत में लेकर जयपुर लाया।

गिरफ्तार अभ्यर्थियों में बबीता जाखड़ (चूरू), ज्योतिरादित्य (भीलवाड़ा), सीमा (झुंझुनूं), कविता भींचर (सीकर), बसंती कुम्हार (जयपुर), ममता कुमारी (सवाई माधोपुर), नरेंद्र बिदियासर व मुमताज (नागौर), भंवरलाल (जालोर), कविता (जोधपुर), एकता थालोर (चूरू), योगेंद्र कुमार (हनुमानगढ़), शिवकरण (श्रीगंगानगर), मांगीलाल (बीकानेर), भलाराम (बालोतरा), भजनलाल (जालोर), सुनील पालीवाल, महेंद्र पालीवाल व दुर्गाप्रसाद (फलौदी) तथा गजानंद प्रजापत (जयपुर) शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी गजानंद प्रजापत ने अपनी पत्नी बसंती उर्फ बंटी प्रजापत के लिए दलालों को रुपये देकर फर्जी खेल प्रमाण पत्र बनवाया था। एसओजी यह भी जांच कर रही है कि फर्जी प्रमाण पत्रों के लिए अभ्यर्थियों से कितनी राशि ली गई।

जामा मस्जिद पर उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

जयपुर। आखिरी जुम्मे पर जयपुर की जामा मस्जिद पर अकीदमंदो का सैलाब उमड़ा और अमन चैन के लिए हजार हाथ उठे। पवित्र माह-ए-रमजान के आखिरी जुमे पर जयपुर की जामा मस्जिद पर शुक्रवार को ऐतिहासिक जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। गुलाबी नगरी के परकोटा इलाके में हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग इबादत के लिए एकत्रित हुए। इसके लिए प्रशासन ने पहले से ही पुराने शहर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद समेत कई मस्जिदों में खास इंतजाम किए हुए थे। मुस्लिम समाज के लिए अलविदा जुमा रमजान के सबसे अहम दिनों में से एक माना जाता है, इसलिए सुबह से ही लोगों में खास उत्साह देखने को मिला। रमजान के आखिरी शुक्रवार को जुम्मे की नमाज अदा करने के बाद रोजेदारों ने रोजे रखे और नमाज में खुद से हुई गलतियों के लिए खुदा से माफी मांगी। बताया जा रहा है की यह रमजान को विदाई देने और अल्लाह की इबादत का विशेष दिन है। रमजान माह का चौथा जुमे की नामज के दौरान जयपुर में शुक्रवार को जुमातुल विदा की नमाज अदा की गई। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे. भीड़ को देखते हुए बाजार में वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया था।गौरतलब है कि अलविदा जुमे के साथ ही अब शहर में ईद-उल-फितर के स्वागत की तैयारियां तेज हो गई। नमाज के बाद बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली।



जयपुर में जुम्मे पर जामा मस्जिद पर अकीदमंदो का सैलाब उमड़ा ।

चेटीचंड महोत्सव पखवाड़ा 15 से प्रारंभ

जयपुर। सिंधी समाज के ईष्टदेव भगवान झूलेलाल जी साईं जी का अवतरण दिवस 20 मार्च (शुक्रवार) को जयपुर महानगर के विभिन्न स्थानों पे पूज्य पंचायतों ओर सामाजिक संस्थाओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा । गुलाबी नगरी में आस्था भक्ति के पावन केंद्र अमरापुर स्थान जयपुर के पूज्य संत मोहन लाल जी महाराज के सान्निध्य में चेटीचंड पखवाड़े के कार्यक्रमों का आयोजन भक्ति भाव हर्षोल्लास, किया जाएगा। कार्यक्रम की श्रृंखला में 15 मार्च रविवार को प्रात:10 बजे वरुण पथ मानसरोवर , झूलेलाल मंदिर में यूथ वाहन रैली को झंडी देखाकर रैली रवाना किया जाएगा। सिंधी कॉलोनी ,अमर लाल साहिब मंदिर में 11 बजे सामूहिक जनेऊ संस्कार में बटु बालकों को संत पखर पहना कर आशीर्वाद देगें। प्रताप नगर स्थित जानकी देवी गुरनानी सभागार में सिंधु वेलफेयर सोसाइटी के सानिध्य में आयोजित रजत जयंती सामुहिक विवाह समारोह में सायं काल 5 बजे नव दंपत्तियों को संतो द्वारा आशीर्वाद दिया जाएगा।

परिवहन विभाग की गाड़ी से टकराने वाले गौतम मीणा ने तोड़ा दम

जयपुर। विश्वकर्मा थाना इलाके में गत 8 मार्च को परिवहन विभाग की गाड़ी की चपेट में आए युवक ने शुक्रवार को उपचार दौरान दम तोड़ दिया। मेडिकल इत्तला पर सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंची। लेकिन परिजनो ने शव लेने से इनकार कर दिया और मुर्दाघर के बाहर ही धरना -प्रदर्शन कर बैठ गए। मृतक गौतम मीणा के परिजनों ने 50 लाख रुपए और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व परिवहन विभाग की इंस्पेक्टर शकीला बानों समेंत अन्य आरटीओ कर्मचारियों को सस्पेंड करने की मांग की। गौतम मीणा की मौत की खबर सुनते ही जमवारामगढ के कांग्रेसी पूर्व विधायक गोपाल मीणा भी धरना स्थल पर पहुंच गए और उन्होने भी परिजनों को आर्थिक सहायत व परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। गौरतल है की 8 मार्च जमवारामगढ निवासी गौतम मीणा 27 ताला निवासी बाइक पर सिमेंट का कट्टा लेकर एक्सप्रेस हाईवे दादी का फाटक होते हुए जा रहा था। इसी दौरान पीछे से परिवहन विभाग की गाड़ी ने उसे जोरदार टक्कर मार दी । इस हादसे में गौतम मीणा गंभीर रुप से घायल हो गया। जयपुर आरटीओ इंस्पेक्टर शकीला बानो अपने गार्ड के साथ गौतम मीणा को तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंची। जहां से चिकित्सकों ने उसे एसएमएस अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। शुक्रवार को उपचार दौरान गौतम मीणा ने दम तोड़ दिया।

- 50 लाख रुपए मुआवजा व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग

गौतम की मौत की खबर फैलते ही उनके परिवार और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई।

5 किलो 876 ग्राम गांजा जब्त, महिला सहित दो आरोपित गिरफ्तार

जयपुर। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और सेवन करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत भांकरोटा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 35 किलो 876 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

- दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हे गिरफ्तार कर मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही

पुलिस उपायुक्त (जयपुर पश्चिम) हनुमान प्रसाद ने बताया कि विशेष पुलिस कमिश्नर (ऑपरेशंस) के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और सेवन करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजीव गुप्ता के सुपरविजन और सहायक पुलिस आयुक्त बगरू हेमेन्द्र शर्मा के निर्देशन में भांकरोटा थाना प्रभारी श्रीनिवास के नेतृत्व में चार टीमों का गठन कर कार्रवाई की गई।

भांकरोटा थाना प्रभारी श्रीनिवास ने बताया कि इस अभियान के दौरान केशोपुरा भांकरोटा क्षेत्र में 25 मंजिला के पास सड़क किनारे बैठी एक महिला पुलिस को देखकर संदिग्ध रूप से जाने लगी। पुलिस ने पूछताछ की तो उसने अपना नाम सुमन देवी (38) पत्नी आशीष कुमार, निवासी केशोपुरा भांकरोटा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से प्लास्टिक की थैली में 76 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। एक व्यक्ति प्लास्टिक के कट्टों के साथ संदिग्ध अवस्था में बैठा मिला। पुलिस को देखकर वह भी तेजी से जाने लगा, जिसे रोककर पूछताछ की गई। उसने अपना नाम भंवरलाल कुमावत (34) निवासी मारवालों की ढाणी, ग्राम पंचायत बबेरवालो की ढाणी, थाना जोबनेर (जयपुर) बताया। तलाशी में उसके पास से चार प्लास्टिक के कट्टों में 35 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हे गिरफ्तार कर मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी श्रीनिवास जांगीड़ के साथ हैड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, जगन्नाथ, कांस्टेबल रामचंद्र, पार्वती और कांस्टेबल बाबूलाल की टीम शामिल रही। अभियान में हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह की विशेष भूमिका रही।

बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए व्यापारियों से संवाद

जयपुर। शहर में बेहतर कानून व्यवस्था, शांति एवं सुरक्षा के साथ यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के साथ संवाद किया। बैठक में बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा पुलिस-जन सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा की गई।पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि पुलिस और आमजन के बीच संवाद एवं सहयोग से शहर में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल से पुलिस और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा, जिससे अपराध नियंत्रण में भी सहायता मिलेगी।उन्होंने बताया कि शहर के व्यापारी भी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। फरवरी माह के दौरान व्यापारियों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों के बाहर 48 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं।

'पत्रकारों के सम्मान एवं सुरक्षा के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध'

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। वे जनता और सरकार के बीच संवाद का एक मजबूत सेतु है। पत्रकारों पर समाज को विश्वास होता है तथा पत्रकार सदैव जनहित के मुद्दे सामने लाकर समाज को जागरूक करते हैं। जब मीडिया निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ काम करता है तो लोकतंत्र और मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के बजट में पत्रकारों के कल्याण के लिए अनेक निर्णय लिए गए हैं। हमारी सरकार पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा एवं उनके हितों के लिए प्रतिबद्ध है।

शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर प्रदेशभर के पत्रकारों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पत्रकार विपरीत परिस्थितियों में भी मेहनत और समर्पण के साथ निरंतर कार्य करते हैं। वे जनहित की खबरों को जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। आज के दौर में पत्रकारों का योगदान और भी बढ़ गया है। सूचना के इस युग में पत्रकार सही एवं विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए प्रदेश में योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। विकसित राजस्थान 2047 के लक्ष्य को आधार मानकर ग्राम पंचायतों से लेकर नगर निकायों तक के समग्र विकास का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा पानी जैसी बुनियादी सुविधा को प्राथमिकता देते हुए रामजल सेतु लिंक परियोजना, देवास परियोजना, यमुना जल समझौता, आईजीएनपी, गंगनहर, माही सहित परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। साथ ही, प्रदेश में बिजली तंत्र को भी सुदृढ़ किया जा रहा है।

राजस्थान में आज 22 जिलों में दिन में बिजली दी जा रही है, 2027 तक सभी जिलों में दिन में बिजली देने के लिए हम संकल्पित हैं।

सार-समाचार

14 से 19 मार्च तक राज्यभर में स्वच्छता सप्ताह का आयोजन

जयपुर। राजस्थान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की प्रेरणा से स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 14 से 19 मार्च 2026 तक स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन शहरी के निदेशक प्रतीक जुईकर ने बताया की छह दिवसीय इस विशेष अभियान का उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना है।स्वच्छता सप्ताह के दौरान राज्यभर में विभिन्न विषयों पर आधारित विशेष गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। 14 मार्च को जिला स्तर पर कार्यक्रमों के साथ स्वच्छता सप्ताह का औपचारिक शुभारंभ होगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आमजन की भागीदारी से स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। 15 मार्च को प्लास्टिक कचरा प्रबंधन पर विशेष फोकस रखते हुए के सिद्धांतों के पालन तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध के प्रति जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। 16 मार्च को क्लीन टॉयलेट अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक, सामुदायिक एवं संस्थागत शौचालयों की गहन सफाई और नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

सुरेंद्र जैन पारस बने फिल्म एवं वीडियो प्रोडक्शन कमेटी के सचिव

जयपुर। रोटरी जिला 3056 के प्रांतपाल वर्ष 2026-27 रोटेरियन अरुण बगड़िया ने रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र जैन पारस को वर्ष 2026-27 के लिए जिला फिल्म एवं वीडियो प्रोडक्शन कमेटी का सचिव नियुक्त किया है। यह नियुक्ति रोटरी की विभिन्न सेवा गतिविधियों को प्रभावी रूप से प्रचारित और प्रसारित करने के उद्देश्य से की गई है। सुरेंद्र जैन पारस का कार्यकाल 1 जुलाई 2026 से प्रारंभ होकर 30 जून 2027 तक रहेगा। इस अवधि में वे जिले में आयोजित होने वाली रोटरी की सामाजिक, सेवा और जनहित से जुड़ी गतिविधियों को फिल्म और वीडियो के माध्यम से दस्तावेजीकृत करने और उन्हें व्यापक स्तर पर प्रसारित करने का कार्य करेंगे। प्रांतपाल रोटेरियन अरुण बगड़िया ने कहा कि सुरेंद्र जैन पारस लंबे समय से रोटरी से जुड़े हुए हैं और संगठन में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। उनके अनुभव, सक्रियता और समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। इसी के साथ रोटरी क्लब जयपुर के सदस्य रोटेरियन मनोज सिंह वैध को वर्ष 2026-27 के लिए प्रांतीय इंटरेक्ट्रैक्ट विस्तार समिति का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। रोटरी परिवार ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।

डिविडेंड देने वाली कंपनियों पर फोकस, नया इंडेक्स फंड लॉन्च

जयपुर/मुंबई। आज के समय में निवेशकों की सबसे बड़ी चिंता है कि बाजार के उतार-चढ़ाव के बीच उनका पैसा सुरक्षित भी रहे और बढ़ता भी रहे। कई लोग इक्विटी में निवेश तो करना चाहते हैं, लेकिन सही कंपनियों का चयन, लगातार निगरानी और अनुशासन बनाए रखना आसान नहीं होता। ऐसे में, निवेशकों को एक ऐसे विकल्प की जरूरत होती है, जो नियम आधारित हो, मजबूत कंपनियों पर केंद्रित हो और लंबी अवधि में स्थिरता दे सके। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस अपने यूलिप प्लान के तहत लेकर आया है डिविडेंड लीडर्स 50 इंडेक्स फंड। यह फंड उन कंपनियों में निवेश करता है, जिन्होंने लगातार डिविडेंड दिया है और जिनकी वित्तीय स्थिति मजबूत रही है। कंपनी के मुख्य निवेश अधिकारी मनीष कुमार ने कहा, "डिविडेंड लीडर्स 50 इंडेक्स फंड ग्राहकों को लगातार डिविडेंड देने वाली मजबूत कंपनियों में निवेश का अनुशासित और पारदर्शी तरीका प्रदान करता है। यह दीर्घकालिक धन सृजन में मददगार साबित हो सकता है।"

मेडिकल रिपोर्ट के बदले रिश्वत लेते डॉक्टर गिरफ्तार

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जोधपुर ग्रामीण टीम ने जिला अस्पताल फलोदी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार गौड को 7 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर शुक्रवार को की गई। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी को शिकायत दी कि डॉ. गौड ने पुलिस थाना फलोदी में दर्ज एक मुकदमे में परिवादी व अन्य व्यक्ति की चोटों की मेडिकल रिपोर्ट उनके पक्ष में तैयार करने के बदले 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। आरोप है कि आरोपी डॉक्टर पहले ही 3 हजार रुपए रिश्वत के रूप में ले चुका था और शेष 7 हजार रुपए की मांग कर रहा था। शिकायत के सत्यापन के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस सोनी के नेतृत्व में निरीक्षक अनिल कुमार और टीम ने ट्रैप कार्रवाई की। टीम ने डॉ. गौड को 7 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसीबी के अनुसार आरोपी से पूछताछ जारी है।

'एक मुट्ठी नमक से बदल दी देश की तकदीर' पुस्तक का विमोचन

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राष्ट्रिपता महात्मा गांधी के नमक आंदोलन पर आधारित एक मुट्ठी नमक से बदल दी देश की तकदीर शीर्षक लघु पुस्तक का विमोचन किया। गांधीवादी धर्मवीर कटेवा ने बताया कि पुस्तक राष्ट्रिपता महात्मा गांधी के विचारों, आदर्शों और उनके ऐतिहासिक आंदोलन की प्रेरक स्मृति को समर्पित है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अनेक आंदोलन हुए, किन्तु सन् 1930 में प्रारम्भ हुआ दांडी मार्च भारतीय जनजागरण का एक अद्वितीय अध्याय बन गया। एक मुट्ठी नमक उठाकर गांधीजी ने न केवल ब्रिटिश शासन के अन्यायपूर्ण कानून को चुनौती दी, बल्कि पूरे देश को सत्य, अहिंसा और जनशक्ति की ताकत का एहसास कराया। यह पुस्तक गांधीजी के अनमोल विचारों और जीवन-दर्शन को सरल रूप में पाठकों तक पहुंचाने का एक विनम्र प्रयास है। राष्ट्रवाद, धर्म, सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह, समानता, स्वदेशी, शिक्षा, ग्राम स्वराज और मानवता जैसे विषयों पर उनके विचार आज भी समाज के लिए दिशा-सूचक हैं। गांधीजी का मानना था कि किसी भी निर्णय की कसौटी समाज के सबसे कमजोर और वंचित व्यक्ति का हित होना चाहिए।

राजीव महर्षि एंटी रैगिंग समिति के सदस्य मनोनीत

जयपुर। सामाजिक कार्यकर्ता व थिएटर आर्टिस्ट राजीव महर्षि एडवोकेट को राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलगुरु अल्पना कटेजा ने एंटी रैगिंग कमेटी में सदस्य मनोनीत किया है। उनका कार्यकाल एक वर्ष का रहेगा। महर्षि ने कहा कि वे राजस्थान विश्वविद्यालय व संघटक महाविद्यालयों में एंटी रैगिंग के प्रति जागरूकता का कार्य करेंगे।

नीरू छाबड़ा ने 'इंडिया नहीं, भारत बोलो' चावल पर लिख उपमुख्यमंत्री को भेट किया।